HINDI–2 (Hons.) (2019)

सभी प्रश्नों के उत्तर दें।

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर दें : $15 \times 3 = 45$

   (क) विद्यापति के श्रृंगार-वर्णन की विशेषताओं को रेखांकित करें।

   (ख) 'कबीर वचनावली' के आधार पर प्रेम का स्वरूप स्पष्ट करें।

   (ग) 'रामचरितमानस' के पुष्पवाटिका-प्रसंग पर प्रकाश डालें।

   (घ) सूर के 'भ्रमरगीत' का काव्य-सौन्दर्य निरूपित करें।

   (ङ) 'बिहारी सतसई' की विशेषताओं का उल्लेख करें।

2. निम्नलिखित काव्यांशों में से किसी एक की सप्रसंग व्याख्या करें : 15

   (क) अनुखन माधव माधव सुमरइते, सुन्दरि भेल मधाई।
   ओ निज भाव सुभावहि बिसरल, अपनेहि गुन लुबधाई।।

   (ख) गगन गरजि बरसै अमी बादल गहिर गँभीर।
   चहुँदिसि दमकै दामिनी भीजै दास कबीर।।

   (ग) बड़े न हूजै गुनन बिनु, विरद बड़ाई पाय।
   कहत धतूरे सो कनक गहनो गढ़ो न जाय।।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं चार पर टिप्पणियाँ लिखें : $5 \times 4 = 20$

   (क) घनानन्द का सुजान-प्रेम

   (ख) घनानन्द की कविता

   (ग) नीतिकवि रहीम

   (घ) रहीम के दोहे

   (ङ) रसखान के कृष्ण

   (च) रसखान का महत्त्व

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें : $2 \times 10 = 20$

   (क) विद्यापति को 'दशावधान' उपाधि किसने दी थी?

   (ख) विद्यापति के पिता का नाम लिखें।

   (ग) 'कबीर वचनावली' के संग्रहकर्ता कौन हैं?

   (घ) कबीर के आराध्य कौन थे?

   (ङ) 'लता भवन' शब्द में कौन-सा अलंकार है?

   (च) 'निकसे जनु जुग विमल विधु' में कौन-सा अलंकार है?

   (छ) बिहारीलाल की ससुराल कहाँ थी?

   (ज) 'सतसई' की रचना बिहारी ने किसके लिए की थी?

   (झ) सूरदास किस सम्प्रदाय में दीक्षित थे?

   (ञ) सुर को 'पुष्टिमार्ग का जहाज' किसने कहा था?

https://www.lnmuonline.com